# डेटा-एआई क्लब के गठन के लिये रायपुर ज़िला प्रशासन और आईजेब्रा-एआई के मध्य हुआ एमओयू

## चर्चा में क्यों?

14 सितंबर, 2023 को रायपुर ज़िले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की उपस्थिति में ज़िला प्रशासन और आईजेब्रा-एआई **(igebra-AI)** के मध्य एमओयू हुआ, जिसके तहत ज़िले के तीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल **(SEGES)** में डेटा-एआई क्लब का गठन किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस पर अगले शिक्षा सत्र से स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकी की जानकारी शामिल करने की घोषणा की है। ज़िला प्रशासन ने इसी दिशा में त्वरित क्रियान्वयन करते हुए यह कदम उठाया हैं। यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाने वाला रायपुर पहला ज़िला है।
- इस एमओयू में ज़िला प्रशासन की तरफ से ज़िला पंचायत के सीईओ अबिनाश मिश्रा और कंपनी के निर्देशक चिरंजीवी मडाला ने हस्ताक्षर किया।
- इस एमओयू के तहत स्वामी आत्मानंद आर.डी तिवारी आमापारा, स्वामी आत्मानंद बी.पी पुजारी राजातालाब और स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक फाफाडीह में एआई क्लब का गठन होगा।
- इससे इन स्कूलों के विद्यार्थियों में एआई के प्रति समझ विकसित होगी। विद्यार्थी विज्ञान की इस नवीनतम तकनीक से परिचित होंगे और उसका उपयोग प्रोजेक्ट तथा अन्य कार्यों में कर सकेंगे। इससे छत्तीसगढ़ के बच्चों में विज्ञान के प्रति अधिक रुचि पैदा होगी, साथ ही वे देश ही नहीं, बल्कि विश्व में अन्य युवाओं के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।
- इस क्लब में विद्यार्थियों को संबंधित संस्था के प्रशिक्षकों के द्वारा एआई क्लब में पढ़ाया जाएगा और वर्कशॉप होगी। साथ ही प्रोजेक्ट-मॉडल प्रदर्शित किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि यह आईजेब्रा-एआई अमेरिका की कंपनी है, जो एआई के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य युवाओं को एआई के प्रति शिक्षित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-raipur-district-administration-and-igebra-ai-for-formation-of-data-ai-club